of inward remittances. The position is kept under constant review to see whether there is need to modify these or introduce new schemes with a view to increasing the flow of inward remittances.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

**अशोक होटल कर्मचारी यूनियन**

834. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अशोक होटल के कर्मचारियों की एक विशेष यूनियन को कुछ दुकानें, ऋण तथा बिजली उपलब्ध कराई गई है ;

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से; और

(ग) कितनी राशि के ऋण तथा बिजली प्रभार अब तक वसूल नहीं किये गये हैं और ये राशियां कब से बकाया है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नही उठते ।

**भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों के मैनेजरों को दिये गये टेलीफोन**

835. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम ने दिल्ली के होटलों के कुछ मैनेजरों को टेलीफोन दे रखे हैं जबकि वे जिन होटलों में कार्य करते हैं वहीं रह रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और इससे मासिक व्यय कितना आता है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) :** (क) और (ख) जी, हां । दिल्ली स्थित भारत पर्यटन विकास निगम के छः होटलों में से तीन के प्रबंधकों को सीधे आवासीय (रेजिडेंशल) टेलीफोन दिये हुए हैं । एक अन्य प्रबंधक के पास एक कार्यालय-व-आवासीय टेलीफोन है । 1976-77 के दौरान डाक तार विभाग से प्राप्त बिलों के आधार पर इन टेलीफोनों का औसत मासिक व्यय लगभग 1,170 रुपए बैठता है ।

**अशोक होटल के कोष से दिया गया ऋण**

836. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम के जनरल मैनेजर ने दिल्ली प्रशासन के एक अधिकारी को अशोक होटल के कोष से ऋण दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो कितना ऋण दिया गया और यह कब वापस दिया गया तथा यह ऋण देने के कारण क्या है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) :** (क) और (ख) मामले की जांच की जा रही है ।

**भारत पर्यटन विकास निगम में नियमावली**

837. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों के पास कोई नियमावली